‘मल्टी-सिस्टम इंफ्लेमेटरी स्टेट’ संबंधी मुद्दा

drishtiias.com/hindi/printpdf/multi-system-inflammatory-state

प्रीलिम्स के लिये:

मल्टी-सिस्टम इंफ्लेमेटरी स्टेट, टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम, कावासाकी रोग, पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर सोसाइटी

मेन्स के लिये:

मल्टी-सिस्टम इंफ्लेमेटरी स्टेट से संबंधित मुद्दे

चर्चा में क्यों?

हाल ही में ब्रिटेन की ‘पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर सोसाइटी’ (Paediatric Intensive Care Society-PICS) ने ‘मल्टी-सिस्टम इंफ्लेमेटरी स्टेट’ (Multi-system Inflammatory State) से पीड़ित बच्चों की संख्या में वृद्धि दर्ज़ की है।

प्रमुख बिंदु:

- कुछ डॉक्टरों का मत है कि ‘मल्टी-सिस्टम इंफ्लेमेटरी स्टेट’ COVID-19 से संबंधित हो सकता है। हालाँकि यह स्पष्ट नहीं है कि ‘इंफ्लेमेटरी सिंड्रोम’ COVID-19 से ही संबंधित है।
- कुछ डॉक्टरों का मत है कि यह बीमारी किसी संक्रमण के पश्चात् प्रतिरक्षा प्रणाली के अति उत्तेजित होने के परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाली स्थिति है।
- उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन के बच्चों में तेज़ बुखार और धमनियों में सूजन के मामले सामने आए हैं।
- **‘मल्टी-सिस्टम इंफ्लेमेटरी स्टेट’ (Multi-system Inflammatory State):**
  - यह एक दुर्लभ बीमारी है जिसमें रक्त वाहिकाओं में सूजन और निम्न रक्तचाप की समस्या पाई जाती है।
  - यह बीमारी पूरे शरीर को प्रभावित करने के साथ ही फेफड़ों और अन्य अंगों में तरल पदार्थ का निर्माण करती है।
  - **लक्षण:**
    - पेट और जठरांत्र से संबंधित समस्याएँ
    - हृदय संबंधी समस्याएँ
    - टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम (Toxic Shock Syndrome) एवं कावासाकी (Kawasaki) रोग से संबंधित समस्याएँ

- **टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम (Toxic Shock Syndrome):**
    - बैक्टीरिया शरीर में प्रवेश करने के पश्चात् हानिकारक विषाक्त पदार्थ स्रावित करते हैं जिससे शरीर की सामान्य प्रक्रिया बाधित होती है। इस परिस्थिति को टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम कहते हैं। समय रहते उपचार न किये जाने की स्थिति में मृत्यु भी हो सकती है।
    - **लक्षण:**

        सिरदर्द, खांसी, गले में खराश, दस्त, साँस लेने में कठिनाई, चक्कर आना।

- **कावासाकी (Kawasaki) रोग:**
    - कावासाकी बच्चों की रक्त वाहिकाओं में सूजन के कारण होने वाला एक गंभीर रोग है। इस रोग से पाँच साल से कम उम्र वाले बच्चे अत्यधिक प्रभावित होते हैं।
    - कावासाकी रोग हृदय को अत्यधिक प्रभावित करता है। हालाँकि इसके कारण होने वाली सूजन शरीर के कई अन्य हिस्सों को भी प्रभावित करती है।
    - कावासाकी रोग से दिल का दौरा भी पड़ सकता है।
    - **लक्षण:**

        तेज़ बुखार, गर्दन के लिम्फ नोड्स में सूजन, सूखे व फटे होंठ, जीभ का लाल होना।

'पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर सोसाइटी' (Paediatric Intensive Care Society-PICS):

- पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर सोसाइटी की स्थापना वर्ष 1987 में हुई थी।
- पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर सोसाइटी का उद्देश्य:
    - अनुसंधान को प्रोत्साहित करने और संश्रयकारी अध्ययन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रशिक्षण तथा शिक्षा को बढ़ावा देना।
    - विभिन्न चर्चाओं हेतु एक मंच प्रदान करना।
    - परिषद के माध्यम से जानकारी एकत्र करना।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस